# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- coe.rmpssu@gmail.com

पत्रांकः–सी0ओ0ई0 / 536 / 2025

दिनांकः– 29 जुलाई, 2025

**समयबद्ध / तत्काल**

**सेवा में ,**

**प्राचार्य / प्राचार्या**
**संबद्ध बी0एड0 संस्थान / महाविद्यालय**
**राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़।**

विषयः– बी.एड. द्वितीय / चतुर्थ सेमेस्टर की छूटी हुई प्रयोगात्मक मौखिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में ।

**महोदय / महोदया,**

उपर्युक्त विषयक समन्वयक, अध्यापक शिक्षा, धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ के पत्र दिनांक 28.07.2025 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि बी.एड. द्वितीय / चतुर्थ सेमेस्टर के छात्राओं की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा का आयोजन दिनांक– 03 अगस्त, 2025 को धर्म समाज कॉलेज के बी0एड0 विभाग अलीगढ़ में प्रातः 10:00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संबंधित प्राचार्य / प्राचार्या अपने महाविद्यालय / संस्थान के ऐसे छात्र–छात्राओं जिनकी बी.एड. द्वितीय / चतुर्थ सेमेस्टर की छूटी हुई परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म भरा हो, को अपने स्तर से सूचित करने एवं निर्धारित परीक्षा केंद्र पर भेजने का कष्ट करें।

28.07.2025

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –**

1. प्राचार्य ,धर्म समाज महाविद्यालय अलीगढ़ को इस अनुरोध के साथ कि उक्त परीक्षा हेतु समुचित व्यवस्था कराने का कष्ट करें ।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. संपादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें ।
4. प्रभारी वेबसाइट।
5. गार्ड फाइल।

**परीक्षा नियंत्रक**

RT

Scanned with OKEN Scanner